भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 781

गुरूवार, 8 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान (आईआईटीटीएम), नेल्लोर

781 श्री बीडा मस्थान राव यादव:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान (आईआईटीटीएम), नेल्लोर के प्रदर्शन का विश्लेषण किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या संस्थान को अवसंरचनात्मक रूप से पर्याप्त और पदस्थ कार्मिकों की पर्याप्त संख्या वाला पाया गया था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी, हाँ।

(ख): मंत्रालय द्वारा संस्थान की वित्तीय एवं प्रवेश प्रक्रिया संबंधी स्थिति की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है। आंतरिक एवं बाह्य लेखापरीक्षा भी नियमित रूप से की जाती है।

(ग) और (घ): जी, हाँ। विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

श्री बीडा मस्थान राव यादव द्वारा भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान (आईआईटीटीएम), नेल्लोर के सम्बन्ध में दिनांक 08.02.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 781 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में **विवरण**

भौतिक अवसंरचना का विवरण:
आईआईटीटीएम-नेल्लौर केन्द्र:

- परिसर का निर्माण: शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक ब्लॉकों सहित नेल्लौर परिसर भवन दो-मंजिला इकाई है। पहले और दूसरे तल पर कक्षाएं हैं तथा भू-तल का उपयोग प्रशासनिक कार्यों के लिए होता है। कक्षाओं की क्षमता 30 से 60 छात्रों तक के बैठने के लिए है। सभी कक्षाएं मूलभूत सुविधाओं और वातानुकूलकों, आधुनिक ऑडियो-वीडियो उपकरणों, कम्प्यूटरों, एलसीडी प्रोजेक्टर्स और डेडीकेटेड वाई-फाई नेटवर्क सहित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस हैं। कक्षाओं के पास वॉटर कूलर्स की व्यवस्था की गई है।

  निदेशक का कमरा प्रशासनिक खंड में है। फैक्ल्टी के सदस्यों के लिए चार कमरे और अन्य प्रशासनिक स्टाफ के लिए अलग कमरे आवंटित किए गए हैं। यहाँ एक कैफेटेरिया भी है। परिसर में प्रोजेक्टर और ऑडियो/वीडियो उपकरण सहित एक सभागार भी है। भवन में प्रवेश करते ही एक सुसज्जित स्वागत कक्ष तथा लॉबी है। एक पुस्तकालय भी है जहाँ विभिन्न प्रकार के शिक्षण संसाधनों से युक्त वर्कस्टेशन और बैठने की व्यवस्था है। कम्प्यूटर लैब शैक्षणिक ब्लॉक में है जहाँ निर्बाध इंटरनेट की सुविधा है। शैक्षणिक ब्लॉक में स्थित कॉमन रूम में टेलिविजन तथा इनडोर गेम्स की सुविधा उपलब्ध है जिसका उपयोग छात्रों द्वारा भोजनावकाश के दौरान किया जाता है।

- लड़कों और लड़कियों के लिए छात्रावास: लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग छात्रावास हैं जिनमें 170 छात्रों के रहने की व्यवस्था है। लड़कों और लड़कियों के लिए एक साझा सुसज्जित भोजनालय भी है जहाँ आराम से बैठकर खाने के लिए पर्याप्त स्थान है। संस्थान में वातानुकूलित अतिथि कक्ष भी हैं।

- फर्नीचर तथा फिक्चर: सभी कक्षाएं उनके निर्बाध संचालन के लिए अपेक्षित वातनुकूलक, एलसीडी प्रोजेक्टर, स्क्रीन, व्हाइट बोर्ड, नोटिस बोर्ड, ऑडियो सिस्टम जैसे फर्नीचर तथा फिक्सचर्स तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से युक्त हैं।
- पुस्तकालय तथा कम्प्यूटिग सुविधा: आईआईटीटीएम नेल्लौर में एक पूर्णत: सुसज्जित पुस्तकालय है जिसमें ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों प्रकार के संसाधन मौजूद है। इस

पुस्तकालय में विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशकों की संदर्भ सामग्री तथा पाठ्यपुस्तकों, डिजिटल एवं प्रिंट मीडिया में अन्य शिक्षण संसाधनों, अनुसंधान रिपोर्टों और कथा साहित्य का संकलन है। इस पुस्तकालय के पास ऑनलाइन मोड के जरिए उपलब्ध यात्रा एवं संबद्ध क्षेत्र से जुड़े ई-जर्नल्स तथा पत्रिकाओं की सदस्यता है। यात्रा एवं पर्यटन, विरासत, संस्कृति, व्यक्तित्व विकास, दर्शन जैसे विषयों पर आधारित विभिन्न सीडी भी उपलब्ध हैं। पुस्तकालय के स्वचालन का कार्य शुरू हो गया है और आशा है कि यह सतत रूप से जारी रहेगा।

शैक्षणिक, प्रशासनिक और छात्रावास ब्लॉकों सहित पूरा परिसर वाई-फाई समर्थित है। शैक्षणिक ब्लॉक में अद्यतन कम्प्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर तथा अन्य अनेक आईसीडी उपकरणों सहित वातानूकूलित कम्प्यूटर केन्द्र है।

- संस्थान के प्रचालन के लिए पर्याप्त स्टाफ मौजूद है।

- क्लब संबंधी गतिविधियाँ: आईआईटीटीएम, नेल्लौर ने औद्योगिक-शैक्षणिक इंटरफेस तथा विशेषज्ञ सत्रों के लिए शिपिंग कार्गो क्लब और टूरिज्म क्लब नामक दो क्लब शुरू किए थे। छात्र औद्योगिक विशेषज्ञों के साथ विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और उन्हें उद्योग जगत द्वारा सर्वेक्षण करने, नि:शुल्क प्रशिक्षण आदि के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

  इसके अतिरिक्त छात्रों में पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने के लिए साहित्यिक क्लब की शुरूआत की गई और छात्रों तथा फैकल्टी सदस्यों की भागीदारी से पुस्तक समीक्षा सत्रों का नियमित आयोजन किया गया। कलात्मक समझ विकसित करने, रेखाचित्रण, चित्रकारी सहित कलात्मक कौशलों को बढ़ावा देने के लिए संबंधित गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी के लिए आर्ट क्लब की शुरूआत की गई।

- चिकित्सा सुविधाएं: संस्थान/छात्रावास में पेनलबद्ध डॉक्टरों द्वारा छात्रों की स्वास्थ्य संबंधी नि:शुल्क जाँच की व्यवस्था उपलब्ध है।

- व्यायामशाला की सुविधा: संस्थान के परिसर में लड़कों तथा लड़कियों के लिए सुसज्जित आउटडोर व्यायामशाला की अलग-अलग सुविधा मौजूद है।
- खुला हरित क्षेत्र: परिसर में बाह्य खेलकूद गतिविधियों के लिए खुला मैदान है। वृक्षारोपण अभियान नियमित रूप से चलाए जाते हैं।

****